भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1063**
दिनांक 27 जून , 2019 / 6 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

झांसी में विमानपत्तन

1063. श्री अनुराग शर्मा:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) झांसी क्षेत्र में प्रस्तावित विमानपत्तन के निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख) झांसी हवाईअड्डा भारतीय सेना के अन्तर्गत आता है। झांसी हवाईअड्डे पर नागर सीमाक्षेत्र/ सिविल एन्क्लेव का विकास उड़ान (UDAN) के तहत अनुमोदित है। हवाईअड्डे का विकास राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित भूमि तथा हैंगर उपलब्ध कराए जाने पर निर्भर करता है।

*****